आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका **मिनी ट्रान्सपोर्टनगर (फेज–2) में नवनिर्मित दुकान सं0– 08, 09, 10, 13, 14 15, 16, व 17 कुल 08 दुकानों** को बिना वापसी उच्चतम प्रीमियम के आधार पर मासिक किराये पर आवंटित किए जाने हेतु पात्र इच्छुक व्यक्तियों से सीलबन्द कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। दुकानो के आवंटन हेतु दिनांक 28–03–2026 से 13–04–2026 को सायं 05.00 बजे तक रजिस्ट्र्ड डाक/कोरियर द्वारा प्राप्त कोटेशन ही स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक 15–04–2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे मा0 अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोले जायेगें। दुकान आवंटन की शर्तो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी नगरपालिका परिषद की वेबसाइट www.nagarpalikaramnagar.in पर या नगरपालिका कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद्, रामनगर।

अध्यक्ष,
नगरपालिका परिषद् रामनगर।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांक 783 **/5–कर अनु0/25–26** **दिनांक–** 27-03-2026

प्रतिलिपि सम्पादक हिन्दुस्तान एवं शाह टाईम्स को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त आम सूचना को दिनांक–28–03–2026 के अंक में न्यूनतम पठनीय आकार में शासन के निर्धारित मानक दरों के अनुसार प्रकाशन व्यय पर केवल एक बार प्रकाशित करते हुए कार्यालय अभिलेखों हेतु समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित।

1. उपजिलाधिकारी कार्यालय/तहसील कार्यालय/नगरपालिका कार्यालय रामनगर (नैनी0) नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु प्रेषित।
2. सम्बन्धित पत्रावली।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद्, रामनगर।